हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, रविवार, 30 जून 2024

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.5 डिग्री

16 प्राइवेट बस ऑपरेटरों की मनमानी से रोडवेज को राजस्व का नुकसान



16 इंद्रदेव शहर में जमकर बरसे, तीन खंडों में नहीं गिरी एक बूंद



## खबर संक्षेप

### मारपीट के आरोप में दो पर केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** फदनी में देवर-भाभी के साथ मारपीट के आरोप में पुलिस ने एक युवक और उसकी मां के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में महेश कुमार ने बताया कि तीन दिन पहले उनके प्लॉट के सामने आंधी से बिजली का पोल टूट गया था। पड़ोसी अतुल पोल को अपने प्लॉट में रख रहा था। उसकी भाभी ने पोल उठाने से मना किया तो अतुल और उसकी मां ने पहले उसकी भाभी और बाद में उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोपी काबू

**कोसली।** सुधराना में घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी चेतन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई है। आरोपी को बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कंपनी के गेट पर खड़ी बाइक चोरी

**कसोला।** इंडस्ट्रियल एरिया में एक कंपनी के गेट पर खड़ी सिविल इंजीनियर की बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में मूल रूप से दिल्ली निवासी नीतिश कुमार ने बताया कि वह एक कंपनी में सिविल इंजीनियर है। वह जाटूवास गांव में किराए के मकान में रहता है। कंपनी आने के बाद उसने गेट के पास अपनी बाइक खड़ी कर दी थी। ड्यूटी खत्म होने के बाद जब वह बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी काबू

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामड़िया आसमपुर में 16 जून को हुए झगड़े के बाद पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। मामले की जांच के बाद पुलिस ने एक आरोपी देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जमानत मिलने के कारण रिहा कर दिया गया।

### घर से लापता युवक का सुराग नहीं

**नांगल मूंदी।** बुड़ौली गांव से 20 दिन पहले घर से लापता हुए युवक का कोई पता नहीं चल सका। डहीना पुलिस चौकी को दर्ज शिकायत में बुड़ौली निवासी सतीश कुमार ने बताया कि उसका भाई सुरेंद्र उर्फ सुंदर मानसिक रूप से कमजोर है। पहले वह घर से जाने के बाद दो-तीन दिन में आ जाता था। इस बार वह 11 जून को घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### चार के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**कोसली।** जुड्डी में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने गांव के चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में जसवंत ने बताया कि वह घर के बाहर चारपाई पर लेट रहा था। उसी दौरान सन्नी ने वहां आकर मारपीट करना शुरू कर दिया। इसके बाद आकाश, सुरेंद्र और शिव कुमार ने भी उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर पड़ोस के लोगों ने उसका बचाव किया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## प्रशासन के जल निकासी के इंतजाम पड़े फीके, नगर परिषद का महाराणा प्रताप चौक स्थित कार्यालय परिसर बना तालाब

# सीजन की पहली ही बारिश से शहर पानी-पानी

### सफाई न होने के कारण सीवर व नालों से नहीं निकल पाया पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

शनिवार अलसुबह करीब तीन घंटे की मानसून की पहली मूसलाधार बरसात से पूरा शहर जलमग्न हो गया। बरसात से शहर की मुख्य सड़कें व बाजार में जलभराव होने से प्रशासन के सारे इंतजाम फीके नजर आए। बरसात होने के बाद कर्मचारी पानी निकासी के प्रयास करते नजर आए। एक सप्ताह में शनिवार को तीसरी बार बरसात होने से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पिछले तीन दिन से नगर परिषद के अधिकारी सिर्फ शहर का जायजा लेकर कर्मचारियों को नालों व सीवर की सफाई के निर्देश दे रहे है, लेकिन सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति के अलावा कुछ नहीं किया जा रहा है। शहर के सरकुलर रोड के नाले खुद पानी में डूबे नजर आ रहे है। प्रशासन की ओर से प्रति वर्ष मानसून आने पर ही सजगता दिखाई जाती है और यह सजकता भी जलभराव होने पर कुछ काम नहीं आती है।

**नगर परिषद परिसर बना तालाब**

प्रशासन को प्रति वर्ष बरसात आने के पीक टाइम पर ही नालों की सफाई करने का ध्यान आता है, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है और नालों की पूर्णतया सफाई न होने से पूरी व्यवस्था बिगड़ जाती है, जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ता है। गत दिवस डीएमसी व उससे पहले नगर परिषद के ईओ व एक्सईएन सहित अन्य अधिकारियों ने मोती चौक बाजार, गोकल बाजार व रेलवे रोड में जल निकासी का जायजा लिया था, लेकिल नालों व सीवर की सफाई न होने से शनिवार को सुबह व दोपहर में हुई बरसात से जलभराव की समस्या पैदा हो गई। शहर के रेलवे रोड, सरकुलर रोड, बस स्टैंड, नई अनाजमंडी, ब्रास मार्केट, मॉडल टाउन, सेक्टर, नाईवाली सब्जीमंडी, बावल रोड व नगर परिषद कार्यालय से भाड़ावास गेट सहित हर तरफ से शहर में पानी-पानी हो गया। यहां तक की नगर परिषद का महाराणा प्रताप स्थित कार्यालय परिसर पानी से तालाब बन गया तथा भाड़ावास गेट स्थित नगर परिषद कार्यालय के पार्क की जमीन धंस गई।

**करंट से गाय की मौत:** शनिवार को हुई बरसात से महावीर नगर कालाका रोड की गली में जलभराव हो गया,जिससे अर्थिंग होने से बिजली के पोल में करंट आ गया। बिजली के पोल से टच होने पर गाय को करंट लग गया, जिससे गाय की मौके पर ही मौत हो गई।

**डबल फाटक अंडरपास में भरा पानी:** बरसात के कारण डबल फाटक अंडरपास में भी पानी जमा हो गया। लंबे समय से अंडरपास की सफाई न होने से मिट्ट व गंदगी के कारण अंडरपास में के पास कीचड़ से फिसलन हो गई, जिससे दोपहियां वाहनों को अंडरपास से निकलने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। काफी लोगों की तो बाइक व स्कूटी पानी में बंद हो गई, जिसको निकालने में उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**धारूहेड़ा की सड़कें भी हुई जलमग्न:** मानसून की पहली बारिश ने प्रशासन के तमाम दावों की पोल खोल कर रख दी है। अधिकारियों की ओर सेबारिश से पहले सभी नालों की सफाई करने के दिए गए आदेश धरे की धरे रह गए है। औद्योगिक कस्बा धारूहेड़ा में बरसात से सड़कों पर जलभराव के चलते लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



रेवाड़ी। बरसाती पानी से तालाब बना नगर परिषद परिसर व शनिवार सुबह रेलवे रोड से पानी निकासी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि





रेवाड़ी। डबल फाटक अंडरपास में जमा पानी व नगर परिषद कार्यालय के पास भाड़ावास गेट तक जमा पानी व महावीर नगर में करंट पर मरी गाय। फोटो : हरिभूमि







रेवाड़ी। बरसाती पानी से लबालब नाईवाली सब्जीमंडी व बरसात से जलमग्न हुआ ब्रास मार्केट और नाले से निकासी न होने पर सरकुलर रोड पर जमा पानी। फोटो : हरिभूमि

### जलभराव से शहरवासियों का जीना दूभर: कैप्टन

पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि दो दिन की बरसात ने शहरवासियों का जीना दुर्भर कर दिया है। बरसात से शहर की सभी सड़कों पर जलभराव हो गया है। बरसात खत्म होने के घंटों बाद तक भी पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। कैप्टन अजय सिंह ने शनिवार को शहर का जायजा लेकर डीएमसी अनुपमा अंजलि से लोगों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए कहा। कैप्टन ने कहा कि प्रशासन की ओर से समय पर बरसाती पानी की निकासी के प्रबंध नहीं किए गए और न ही नालों की समय पर सफाई की गई। नगर परिषद की चेयरमैन को शहर का जायजा लेना चाहिए था। कैप्टन ने कहा कि कई कॉलोनियों में सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं।

## रिश्तेदार बनकर लगाया 50 हजार का चूना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

साइबर क्राइम से बचने के लिए पुलिस विभाग लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है, परंतु साइबर ठग लोगों को चपत लगाने के हर हथकंडों का इस्तेमाल कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी से आवाज बदलकर रिश्तेदार और दोस्त बताते हुए ठगी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। फोन पर रिश्तेदार की आवाज समझकर सुलखा का एक युवक 50 हजार रुपये की साइबर ठगी का शिकार हो गया। साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में सुलखा निवासी समय सिंह ने बताया कि गत 27 जून को उसके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले की आवाज उसके एक रिश्तेदार से मेल खा रही थी, इसलिए वह उसकी बातों में फंस गया। उसने बताया कि वह उसके खाते में 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर चुका है। इस राशि को अन्य नंबर पर ट्रांसफर करने के लिए उसने मोबाइल नंबर भेज दिया। जब समय सिंह ने अपना मोबाइल चेक किया तो उसमें 20 हजार रुपये क्रेडिट होने का मैसेज आया हुआ था। उसने अपने खाते से 20 हजार रुपये कथित रिश्तेदार के बताए नंबर पर भेज दिए। इसके बाद उसके पास 30 हजार रुपये भेजने का मैसेज आया और उसी नंबर पर यह राशि भेजने को कहा गया। उसने 30 हजार रुपये उसी नंबर पर फिर से भेज दिए। जब समय सिंह ने अपना खाता चेक किया तो कोई पैसा आया ही नहीं था। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उस खाते का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।



पुलिस लाइन स्थित साइबर थाना।

## चुनावी रंजिश के चलते महिला सरपंच पर हमला, 16 लोगों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

देहलावास में चुनावी रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने महिला सरपंच और उसके परिजनों पर हमला कर दिया। मामला पंचायत चुनावों से शुरू हुई रंजिश का बताया जा रहा है, जिसमें पहले भी कोर्ट में दो केस विचाराधीन हैं। थाना रामपुरा पुलिस ने 16 लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस बयान में महिला सरपंच मीना देवी ने बताया कि वह और उसके जेठानी अनीता घर पर अकेली थीं। उसने आरोप लगाया कि भागमल, रोहताश, जसवंत, पवन, उदयभान, विजय, गोविंदराम, श्योराज, राहुल, विजय, पुष्पा, मैना, मुनेश, शारदा, सोनू व अशोक उसके घर में घुस गए। इन लोगों ने दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। पड़ोस की महिलाओं ने उसका बचाव किया। पता चलने के बाद उसका जेठ बहादुर व प्रेमपाल जब घर की ओर लौट रहे था, तो इन लोगों ने उसके दोनों जेठ को अपने घर ले जाकर उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी।

**मुनेश को हराया था पंचायत चुनाव में:** महिला सरपंच ने बताया कि पंचायत चुनावों में उसने मुनेश को हराया था। दूसरा पक्ष तभी से उसके परिवार के साथ रंजिश रख रहा है। उसके जेठ सुंदरलाल व बहादुर के खिलाफ पैसे छीनने का झूठा केस दर्ज कराया गया था, जिस कारण उन्हें जेल जाना पड़ा था।

## बेखौफ बदमाशों ने दो जगह की फायरिंग आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**रेवाड़ी।** शहर के दो इलाकों में हथियारबंद युवकों ने फायरिंग और धमकी देने की वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने अलग-अलग मामले दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। देव नगर निवासी प्रियंका ने पुलिस शिकायत में बताया कि रात के समय साहिल और उसका भाई योगेश उसके घर के बाहर आकर गालियां देने लगे। इन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि एक भाई को पहले मार दिया गया था। अब दूसरे की बारी है। उसने दरवाजा नहीं खोला तो यह लोग फायरिंग करते हुए धमकी देकर भाग गए।

**पिस्टल के बट से वार करके गोली दागी:** फायरिंग की एक अन्य घटना में कुतुबपुर निवासी मुकुल ने पुलिस शिकायत में बताया कि रात को सैटरिंग स्टोर से सीढ़ी लेने के लिए गया था। शनि मंदिर के पास पहुंचने पर कुतुबपुर निवासी नक्शु अपने दोस्त के साथ उसके पास आ गया। उसने आरोप लगाया कि नक्शु ने आते ही उस पर पिस्टल के बट से वार कर दिया। इसके बाद उसने गोली चला दी। नीचे झुकने के कारण वह गोली लगने से बच गया। इसके बाद उसने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। रामपुरा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

### कांग्रेस में रेवाड़ी हलके से सिटिंग एमएलए की दावेदारी सबसे मजबूत

# खुलकर सामने नहीं आ रहे टिकट के दावेदार, देखने को मिलेगी लंबी कतार

- विरोधी खेमा अंदरखाने खेल सकता है टिकट के समय बड़ा खेल

नरेन्द्र वत्स ▸▸ रेवाड़ी

कांग्रेस में तीन विधानसभा क्षेत्रों में से दो में टिकट के दावेदारों की लिस्ट लंबी है, परंतु रेवाड़ी में सीटिंग एमएलए के साथ दावेदारी होड़ में अभी तक कोई चेहरा खुलकर सामने नहीं आया है। एमएलए चिरंजीव राव भले ही अपनी टिकट को लेकर पूरी तरह निश्चिंत नजर आ रहे हों, परंतु हकीकत यह है कि विरोधी खेमा उनके पिता की तरह ऐन मौके पर बड़ा खेल भी कर सकता है। टिकट के लिए आवेदन का सिलसिला शुरू होने के बाद चिरंजीव को टिकट हासिल करने पर पूरा जोर लगाना पड़ सकता है। बावल और कोसली में कांग्रेस की टिकट पाने के लिए कई बड़े चेहरे कतार में लगे हुए हैं। बावल में टिकट के दावेदारों की फेहरिस्त सबसे लंबी है। रेवाड़ी हलके में अभी तक कोई ऐसा चेहरा सामने नहीं आया है, जो विधायक चिरंजीव राव के मुकाबले खुद को टिकट का मजबूत दावेदार मान रहा हो। लोकसभा चुनावों में ओबीसी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव को गुरूगाम सीट पर प्रबल दावेदार माना जा रहा था। हुड्डा खेमे की ओर से तैयार किए गए चक्रव्यूह में फंसकर दिग्गज कांग्रेसी नेता टिकट के लिए हाथ मलते रह गए थे। कैप्टन की बजाय राज बब्बर को टिकट देने का हाईकमान का फैसला काफी चौंकाने वाला रहा था। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पास इस हलके में ऐसे समर्थकों की कमी नहीं है, जो अंदरखाने खुद को विधानसभा चुनावों के लिए तैयार कर रहे हैं। हुड्डा के पास विकल्प के रूप में दो से तीन चेहरे ऐसे हैं, जिन्हें मैदान में उतारने के लिए एक बार फिर से लोकसभा चुनाव की रणनीति दोहराई जा सकती है। टिकट को लेकर हुड्डा के चहेते इस समय खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं, परंतु आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद यह चेहरे कैप्टन और उनके बेटे की चिंता बढ़ा सकते हैं। चूंकि इस समय हुड्डा कांग्रेस में अपने राजनीतिक विरोधियों को 'निपटाने' की नीति पर आगे बढ़ रहे हैं, इसलिए इस बार कैप्टन के बेटे चिरंजीव उनके टारगेट पर आ सकते हैं।



चिरंजीव राव



महाबीर मसानी



नीलम भगवाड़िया



रेखा दहिया



अनिल पाल्हावास।



जगदीश यादव

### कोसली में खुलकर होगी टिकट की रस्साकसी

कोसली हलके में हुड्डा का विरोध करने वाला कोई कांग्रेसी नेता मौजूद नहीं है। टिकट के सभी दावेदार उन्हीं के खेमे से जुड़े हुए हैं, इसलिए इस हलके में टिकट के लिए रस्साकसी कम नहीं होने वाली। भाजपा के पूर्व सांसद डा. अरविंद शर्मा की तरह पब्लिक से दूरी बनाए रखने वाले पूर्व विधायक यादुवेंद्र सिंह एक बार फिर टिकट की फिराक में हैं, तो उनका रास्ता रोकने के लिए जगदीश यादव हुड्डा खेमे से कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। कांग्रेस में एंट्री के बाद कम समय में मजबूत पकड़ बनाने वाले अनिल पाल्हावास दोनों के अरमानों पर पानी फेर सकते हैं।

### बावल में टिकट के दावेदारों की फौज

बावल आरक्षित सीट पर कांग्रेस में टिकट को लेकर बड़ा घमासान देखने को मिल सकता है। इस सीट पर शकुंतला भगवाड़िया की तर्ज पर कांग्रेस किसी महिला को टिकट देती है, तो नीलम भगवाड़िया का रास्ता रोकने के लिए तेज तर्रार नेत्री रेखा दहिया हुड्डा खेमे से कांग्रेस में शामिल हो चुकी हैं। पुरुष नेताओं में पूर्व प्रत्याशी डा. एमएल रंगा का रास्ता रोकने के लिए रमेश ठेकेदार, वेदप्रकाश बावलिया व जसवंत सिंह टिकट की लाइन में लग चुके हैं। ऐसे में इस सीट पर टिकट के लिए जमकर घमासान होने व नाराज नेताओं के एक बार फिर दल बदलने के चांस ज्यादा रहेंगे।



*अगर सिर्फ डायवर्सिफिकेशन पर ध्यान दें, तो मल्टी-कैप फंड को इस मामले में बेहतर माना जा सकता है, क्योंकि इसके पोर्टफोलियो में हर वक्त लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉल कैप सेगमेंट के शेयर शामिल रहते हैं। इसकी वजह से इसे रिस्क-रिटर्न ट्रेड-ऑफ के लिहाज से बेहतर माना जा सकता है, लेकिन अगर आप फंड मैनेजर की समझदारी पर ज्यादा भरोसा करते हैं और निवेश के मामले में फ्लेक्सिबल एप्रोच यानी लचीलेपन को पसंद करते हैं, तो फ्लेक्सी कैप फंड में निवेश करना बेहतर रहेगा। आप फैसला कुछ भी करें, यह बात जरूर याद रखें कि इन दोनों ही कैटेगरी के फंड*

## म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को पहले कर लेना चाहिए तय

निवेश मंत्र

# निवेश के लिए क्या बेहतर फ्लेक्सीकैप यह मल्टीकैप

बिजनेस डेस्क

निवेश हर कोई करना चाहता है, लेकिन बाजार के उतार चढ़ाव से कई बार डर जाता है। ऐसे में निवेशक को पहले अपनी रिस्क क्षमता को देख लेना चाहिए। इसके बाद ही निवेश की दुनिया में कदम रखना चाहिए। म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को कई बार यह तय करने में उलझन होती है कि अपने पैसे फ्लेक्सी कैप फंड में लगाएं या मल्टी-कैप फंड में। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि दोनों ही तरह के फंड पहली नजर में एक जैसे ही लगते हैं, क्योंकि दोनों फंड्स के जरिए पूरे बाजार के अलग-अलग सेगमेंट के शेयरों में निवेश किया जाता है। इसलिए डायवर्सिफाइड फंड की तलाश कर रहे निवेशकों को इन दोनों ही तरह के फंड्स में से किसी एक का चुनाव करने में थोड़ा कनफ्यूजन होना आम बात है, लेकिन दोनों फंड एक जैसे लगने के बावजूद असल में पूरी तरह एक जैसे नहीं हैं। किस निवेशक को इनमें से किस म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए, यह जानने के लिए दोनों फंड्स के अंतर को समझना जरूरी है। इसके बाद ही इन फंडों में निवेश करना चाहिए। दोनों फंडों की क्षमता, रिस्क और रिटर्न कई मायनों में काफी अलग होते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि कौन से फंड निवेश के लिए बेहतर माने जाते हैं।

### फ्लेक्सी कैप फंड

फ्लेक्सी कैप फंड में फंड मैनेजर को किसी पाबंदी के बिना लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप सेगमेंट में आने वाले किसी भी स्टॉक में निवेश करने की पूरी छूट होती है। यह लचीलापन मैनेजर को बाजार की परिस्थितियों के आधार पर अपने हिसाब से अलग-अलग सेगमेंट और सेक्टर के शेयरों में फंड अलोकेट करने की इजाजत देता है। अगर फंड मैनेजर को लगता है कि लार्ज कैप अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, तो वे फंड का एक बड़ा हिस्सा लार्ज-कैप स्टॉक में अलोकेट कर सकते हैं। इसी तरह, जरूरत पड़ने पर मिड-कैप या स्मॉल-कैप स्टॉक में भी फंड अलोकेशन कम या ज्यादा कर सकते हैं।



### यह भी जान लीजिये

फ्लेक्सी कैप फंड्स की तुलना में मल्टी कैप फंड्स की संख्या काफी कम है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कुछ साल पहले सेबी ने मल्टी कैप फंड की परिभाषा में बदलाव करके फंड एलोकेशन को लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉल कैप में बांटना जरूरी कर दिया, तो बहुत सारे फंड्स कैटेगरी बदलकर फ्लेक्सीकैप में चले गए। इन फंड्स ने ऐसा इसलिए किया, ताकि अपनी निवेश रणनीति में लचीलापन बनाए रखा जा सके।

मल्टी-कैप फंड

***मल्टी-कैप फंड के पूरे पोर्टफोलियो में, लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप तीनों सेगमेंट के शेयरों को शामिल करना जरूरी है। फंड मैनेजर को इनमें से हर सेगमेंट में हर वक्त कम से कम 25 फीसदी अलोकेशन बनाए रखना पड़ता है। यानी लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में से हरेक में 25-25 फीसदी निवेश रखना जरूरी है। ऐसा इसलिए ताकि मल्टी-कैप फंड में डायवर्सिफिकेशन का लेवल हमेशा बना रहे।***

### क्या दोनों फंडों में फर्क

मल्टीकैप फंड के पोर्टफोलियो में 25-25 फीसदी लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक बनाए रखने की वजह से जो अनिवार्य डायवर्सिफिकेशन होता है, वही इसे फ्लेक्सी कैप फंड से अलग करने वाला सबसे बड़ा फर्क है। इस अनिवार्यता की वजह से मल्टीकैप फंड में लार्ज कैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप की मौजूदगी भी हमेशा ही बनी रहती है, जबकि फ्लेक्सीकैप फंड के लिए ऐसा करना जरूरी नहीं है। फ्लेक्सीकैप फंड का मैनेजर चाहे तो पूरा इक्विटी निवेश सिर्फ लार्जकैप में भी कर सकता है या उसे लार्ज और मिडकैप में बांटकर स्मॉलकैप से दूर रहने का फैसला भी कर सकता है, लेकिन मल्टीकैप फंड के मैनेजर के लिए ऐसा करना मुमकिन नहीं है।

### डायवर्सिफिकेशन भी जरूरी

डायवर्सिफिकेशन किसी भी निवेश पोर्टफोलियो को बेहतर बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सही तरीके से किया गया डायवर्सिफिकेशन आपके पोर्टफोलियो के परफॉरमेंस को काफी बेहतर बना सकता है। म्यूचुअल फंड के मामले में मल्टी-कैप और फ्लेक्सी कैप दोनों फंड आपके निवेश को डायवर्सिफाई करने यानी उसमें विविधता लाने में मददगार साबित हो सकते हैं। हमने ऊपर यह भी देखा कि डायवर्सिफिकेशन के लिहाज से दोनों फंड्स में क्या फर्क है। इसे देखते हुए ही आपको एक निवेशक के रूप में तय करना होगा कि आपके लिए कौन सा फंड बेहतर रहेगा।

### पिछला प्रदर्शन

मल्टी-कैप फंड और फ्लेक्सी कैप फंड के पिछले प्रदर्शन की तुलना करें तो पता चलता है कि दोनों कैटेगरी के फंड्स के औसत सालाना रिटर्न में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की वेबसाइट के मुताबिक टॉप 10 फ्लेक्सी कैप फंड्स ने पिछले 10 साल में 16.11 फीसदी से 21.88 फीसदी के बीच सालाना रिटर्न दिया है। पिछले 5 साल में इस कैटेगरी के टॉप 10 फंड्स का रिटर्न 19.96 फीसदी से 34.22 फीसदी के बीच रहा है। एएमएफआई की वेबसाइट के मुताबिक इस वक्त मल्टी कैप कैटेगरी में सिर्फ 6 ऐसे फंड हैं, जिनका पिछले 10 साल का रिकॉर्ड उपलब्ध है और इस दौरान इन फंड्स ने 16.46 फीसदी से 22.79 फीसदी के बीच औसत सालाना रिटर्न दिया है। वहीं, जिन 8 मल्टी कैप फंड्स के पिछले 5 साल के प्रदर्शन का रिकॉर्ड एएमएफआई की वेबसाइट पर मौजूद है।

---



***कब डबल होंगे पैसे:*** *आपकी बचत के पैसे दोगुने कब होंगे इसकी गणना का एक आम नियम काफी प्रचलित है। ये नियम रूल 72 है। फाइनेंस में इसका खूब इस्तेमाल होता है। रूल 72 के जरिए आप यह जान सकते हैं कि आपके निवेश के पैसे कितने समय में दोगुने हो जाएंगे।*

# इस फॉर्मूले से करेंगे निवेश तो 7 साल 2 माह में डबल

**बिजनेस डेस्क।** अगर आप भी कम समय में करोड़पति बनना चाहते हैं या अपना पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो आपको भी यह नियम अपना लेना चाहिए। इससे आप आसानी से पैसा बटोर सकेंगे और कम समय में ही अच्छा खासा पैसा जुटा लेंगे। ज्यादातर जानकारों का कहना है कि अगर वजन कम करना है तो कम खाइए और ज्यादा व्यायाम कीजिए, पैसों का मामला भी कुछ ऐसे ही है। खर्च कम कीजिए और ज्यादा बचत कीजिए तो आपका पास अच्छा खासा बैंक बैलेंस होगा। रिटायरमेंट या दूसरे फाइनेंशियल टारगेट के लिए आप जितनी जल्दी शुरुआत करेंगे। लक्ष्य के करीब आने तक आप उतने ही धनवान होंगे। इसके लिए सबसे सटीक फॉर्मूला है। रूल ऑफ 72 का इस्तेमाल करके आप भी जान सकते हैं कि कैसे 7 साल 2 महीने में आपका पैसा डबल हो जाएगा। यही नहीं अगर पैसे को इन्वेस्ट रखा जाए तो तीन गुना या फिर चार गुना भी बढ़ाया जा सकता है।

### कम्पाउंड इंट्रस्ट करेगा हेल्प

आपको सिर्फ अपनी बचत की निरंतरता बनाए रखनी है और बाकी का काम चक्रवृद्धि ब्याज (कम्पाउंड इंट्रस्ट) समय के साथ करता रहेगा। चक्रवृद्धि का फायदा लॉन्ग टर्म में देखते ही बनता है और यह लंबी अवधि में आपको करोड़पति बनाने में भरपूर काम करता है। इसलिए जब भी निवेश की गाड़ी स्टार्ट करें, निवेश का लंबा लक्ष्य रखें, मसलन बच्चों की शादी, शिक्षा या फिर रिटायरमेंट प्लानिंग। ऐसे लक्ष्य लेकश्लंबी अवधि के लिए निवेश शुरू करेंगे तो आप आसानी से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे और अच्छा खासा रिटर्न प्राप्त कर लेंगे और देखते ही देखते अपने सभी गोल पूरे कर सकेंगे।



### कम्पाउंड इंट्रस्ट कैसे करता है काम

अब जानकारी लेते हैं कि आखिर यह कम्पाउंड इंट्रस्ट काम कैसे करता है। यानी यह आपको अमीर बनाने की क्षमता कैसे रखता है। मान लीजिए आप 100 रुपये कहीं जमा करते हैं और उस पर सालाना 10% का ब्याज मिलता है। एक साल बाद आपके पास 110 रुपये होंगे। अगले वर्ष चक्रवृद्धि के कारण आपको 110 रुपये पर 10% का ब्याज मिलेगा और आपके पैसे बढ़ कर 121 रुपये हो जाएंगे। फिर अगले वर्ष 121 रुपये पर 10% ब्याज प्राप्त होगा।

- पैसा बढ़ाने का सबसे सटीक नियम, करें अप्लाई
- यह नियम आपको जल्द बना सकता है करोड़पति
- रूल ऑफ 72 का इस्तेमाल करके आप भी जान सकते हैं कि कैसे 7 साल 2 महीने में कैस डबल होंगे

---

- नेशनल पेंशन सिस्टम बुढ़ापे के लिए बढ़िया विकल्प
- 18 साल से 70 साल की उम्र का नागरिक खुलवा सकता है

# एनपीएस को 5 साल कर दें एक्सटेंड 50% से ज्यादा बढ़ेगी मंथली पेंशन

बिजनेस डेस्क

नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) केंद्र सरकार की एक पेंशन योजना है, जिसमें रिटायरमेंट को ध्यान में रखकर निवेश किया जा सकता है। यह बुढ़ापे लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है। नेशनल पेंशन सिस्टम में कोई भी 18 साल से 70 साल की उम्र का भारतीय नागरिक (सरकारी कर्मचारी या निजी सेक्टर का कर्मचारी) अकाउंट खुलवा सकता है। एनआरआई भी इसके लिए योग्य हैं। अकाउंट खुलने के बाद 60 साल की उम्र तक या मैच्योरिटी तक यानी 70 साल तक इसमें कंट्रीब्यूट करना होता है। अगर एनपीएस की रिटर्न हिस्ट्री देखें तो अब तक इसने 8% से 12% सालाना रिटर्न दिया है। आमतौर पर एनपीएस में 60 की उम्र होने तक लक्ष्य बनाकर निवेश करने का ट्रेंड है, लेकिन अगर इसे 5 साल के लिए और एक्सटेंड कर दें तो मंथली पेंशन में 50 फीसदी से ज्यादा इजाफा हो सकता है। वहीं, अगर अकाउंट को 10 साल के लिए एक्सटेंड कर दिया जाए तो मंथली पेंशन में 130 फीसदी का इजाफा होगा. वहीं दोनों ही केस में रिटायरमेंट पर मिलने वाली लम्प सम रकम भी बढ़ जाएगी। हालांकि यह ध्यान रखना होगा कि 60 साल की उम्र के बाद कुछ इनकम का जरिया हो, जिससे आपको इस योजना को एक्सटेंड करने की सुविधा मिल जाए।

### सेवानिवृत्ति के बाद ठाठ से कटेगा बुढ़ापा, नहीं होगी परेशानी

## 10 साल एक्सटेंड कराने पर पेंशन 130% बढ़ी

कैलकुलेशन से पता चलता है कि नेशनल पेंशन सिस्टम में अगर 60 साल की बजाए 70 साल की उम्र तक निवेश जारी रखें तो मंथली पेंशन में करीब 130 फीसदी का इजाफा (76,973 रुपये से बढ़कर 1,76,990 रुपये) हो रहा है।

### एनपीएस पर टैक्स बेनेफिट

एनपीएस में निवेश पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के तीन अलग-अलग सेक्शंस के तहत टैक्स बेनेफिट मिलता है। सेक्शन 80सीसीडी 1) के तहत एक फाइनेंशियल ईयर में इसमें 1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर डिडक्शन बेनेफिट मिलता है। यह डिडक्शन, सेक्शन 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की ओवरऑल लिमिट में आता है। एनपीएस पर सेक्शन 80सी डिडक्शन के ऊपर भी अतिरिक्त टैक्स छूट का फायदा मिलता है। यह एडिशनल डिडक्शन सेक्शन 80सीसीडी (1बी) के तहत



50,000 रुपये तक मिलता है। कोई भी टैक्सपेयर एनपीएस के टियर-1 अकाउंट्स में निवेश करके 50,000 रुपये तक एडिशनल डिडक्शन का फायदा ले सकता है। इस तरह कोई भी टैक्सपेयर एनपीएस में इनवेस्ट करके एक फाइनेंशियल ईयर में 2 लाख रुपये के ओवरऑल टैक्स बेनेफिट को क्लेम कर सकता है। 2 लाख रुपये की लिमिट के ऊपर एंप्लॉयर की तरफ से किए गए किसी कंट्रीब्यूशन पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 80सीसीडी(2) के तहत डिडक्शन का फायदा मिलेगा।






### 60 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 35 साल
- 35 साल में कुल निवेश: 42 लाख
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 35 साल पर कुल कॉर्पस: 2,30,91,751 रुपये (2.31 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 1,15,45,875 रुपये (1.15 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 1,15,45,875 रुपये (1.15 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी
- मंथली पेंशन: 76,973 रुपये (करीब 77 हजार रुपये)

### 65 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 35 साल
- 40 साल में कुल निवेश: 48 लाख रुपये
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 40 साल पर कुल कॉर्पस: 3,03,42,813 रुपये (3 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 1,75,71,407 रुपये (1.75 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 1,75,71,407 रुपये (1.75 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी

### 70 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 45 साल
- 45 साल में कुल निवेश: 54 लाख रुपए
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 45 साल पर कुल कॉर्पस: 5,30,97,035 रुपये (5.30 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 2,65,48,518 रुपये (1.75 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 2,65,48,518 रुपये (1.75 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी
- मंथली पेंशन: 1,76,990 रुपये (1.77 लाख रुपये)

---

*अगर आपके पास 20 साल का वक्त है तो आपको एक करोड़ जुटाने के लिए हर महीने केवल 10,880 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह अगर आप 25 साल के लिए निवेश करते हैं, तो मासिक निवेश राशि घटकर 5,880 रुपये हो जाती है। जैसे-जैसे आपकी निवेश अवधि बढ़ती है, आपको कम रकम निवेश करनी पड़ती है। अगर आपको ज्यादा रिटर्न मिलता है तो एक करोड़ रुपये तक पहुंचने में कम समय लगेगा।*

### कैसे बनेंगे करोड़पति

# हर महीने कितना करना होगा निवेश



### क्या कहते हैं आंकड़े

| वार्षिक रिटर्न | अवधि (वर्ष) | एसआईपी राशि (रु.) |
|---|---|---|
| 12% | 10 | 44,640 |
| 12% | 15 | 21,020 |
| 12% | 20 | 10,880 |

बिजनेस डेस्क

करोड़पति बनना हर किसी का सपना होता है। लेकिन, इस सपने को हकीकत में बदलने के लिए सही निवेश करना बहुत जरूरी है। इक्विटी म्यूचुअल फंड एक ऐसा निवेश विकल्प है जो आपको एक करोड़ रुपये के सपने को पूरा करने में मदद कर सकता है। अगला सवाल यह उठता है कि आपको कितना निवेश कितने समय के लिए करना होगा। यह ध्यान रखें कि आप कहीं भी निवेश करें, रातोंरात करोड़पति नहीं बन जाएंगे। इसमें समय लगेगा। इसके लिए आपको अनुशासन की जरूरत होगी। आपको नियमित रूप से निवेश करना होगा। नियमित रूप से अनुशासित निवेश करने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को चुनना। यह न केवल एकमुश्त बड़ी रकम बनाने में मदद करता है, बल्कि आपको छोटी शुरुआत करने और धीरे-धीरे इसे बढ़ाने की इजाजत भी देता है। यहां तक कि अगर आप 1,000 रुपये के मासिक निवेश के साथ इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी शुरू करते हैं तो आप 10 सालों में 2.2 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। यह मानते हुए कि आपको 12% का वार्षिक रिटर्न मिलता है। जैसा कि आप देख सकते हैं, एसआईपी में एक छोटा सा निवेश भी लंबी अवधि में आपके धन को जबर्दस्त तरीके से बढ़ा सकता है।

### इन बातों पर करता है निर्भर

आपको हर महीने कितना निवेश करने की जरूरत है यह तीन प्रमुख बातों पर निर्भर करेगा- रिटर्न, समयसीमा और जोखिम उठाने की क्षमता। रिटर्न जो आपको इक्विटी म्यूचुअल फंड से मिलेगा। आपके निवेश की समयसीमा वह समय होगा, जिसके भीतर आप अपने लक्ष्य को पाना चाहते हैं। वहीं, जोखिम उठाने की क्षमता से मतलब यह है कि आप कितना जोखिम उठा सकते हैं। चूंकि इक्विटी म्यूचुअल फंड में डेट निवेश की तुलना में अधिक जोखिम होता है, इसलिए यह लंबी अवधि के निवेश के लिए सही है। यह और भी बेहतर है कि अगर आप कम से कम सात साल के लिए इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करें। आप जितने लंबे समय तक निवेश को बनाए रहेंगे, अस्थिरता का जोखिम उतना ही कम होगा।

### कितना निवेश करें

मान लेते हैं कि आपको अपने म्यूचुअल फंड निवेश से 12% का वार्षिक रिटर्न मिलता है। इसके आधार पर हम कैलकुलेशन करेंगे कि 10 साल, 15 साल, 20 साल, 25 साल में 1 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पाने के लिए आपको हर महीने कितना निवेश करना होगा। याद रखें कि म्यूचुअल फंड से रिटर्न के बारे में कोई गारंटी नहीं है। पिछले रिटर्न का इस्तेमाल सिर्फ रेफरेंस में किया जाता है ताकि यह कैलकुलेट किया जा सके कि आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। 10 साल में म्यूचुअल फंड निवेश (वार्षिक रिटर्न 12%) से 1 करोड़ कमाने के लिए आपको इस पूरी अवधि के दौरान हर महीने 44,640 रुपये का निवेश करना होगा। अगर आप इंवेस्टमेंट हॉरिजन को पांच साल और बढ़ाकर 15 साल कर सकते हैं तो आपको एक महीने में 21,020 का निवेश करना होगा। अगर आप पांच साल और प्रतीक्षा कर सकते हैं तो आपका मासिक निवेश काफी कम हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बगथला में मारपीट के चार आरोपी काबू

**बावल।** बगथला में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 20 जून को कई आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने मोहित, राहुल, पंकज व ईश्वर को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी एक ही परिवार सं सबंध रखते हैं। उन पर दूसरे परिवार पर हमला करने का आरोप है। बाद में सभी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### लोगों से पौधरोपण में सहयोग की अपील

**कोसली।** कोसली ग्राम पंचायत ने पर्यावरण संरक्षण के लिए गांव के पर्यावरण प्रेमियों, समाजसेवियों व ग्रामीणों से सहयोग की अपील की है। सरपंच रामकिशन जांगिड़ ने लोगों से अपनी क्षमता अनुसार ट्री गार्ड दान करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण को बढ़ावा देने में रूचि रखने वाले ग्रामीण ट्री गार्ड दान कर सकते हैं। गांव में पौधे लगाने व उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की रहेगी। ग्राम पंचायत ने अभियान को सफल बनाने व लोगों को जागरूक करने के लिए पौधे लगाओ-जीवन बचाओ, जितने ज्यादा पेड़- उतनी ज्यादा ऑक्सीजन, बेहतर कल के लिए आज ही एक पौधा लगाओ तथा पेड़ स्वस्थ ग्रह की कुंजी है.. जैसे स्लोगन जारी किए हैं।

### बाबा खेतानाथ जनसेवा फाउंडेशन की आमसभा आज

**मंडी अटेली।** खंड सिहमा में बाबा खेतानाथ जनसेवा फाउंडेशन की आमसभा 30 जून को बाबा खेतानाथ मंदिर में आयोजित की जाएगी। सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि बैठक में बाबा खेतानाथ जनसेवा फाउंडेशन की कार्यकारिणी गठित कर नए सदस्यों को शामिल कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पुण्य स्मृति में रक्तदान कैंप कल

**नारनौल।** शहर की अग्रणी संस्था नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप और किशन लाल शिक्षा एवं जन कल्याण समिति की ओर से स्व. किशनलाल यादव की 35वीं पुण्य स्मृति में एक जुलाई को रेडक्रॉस सोसायटी भवन 14वां रक्तदान शिविर लगेगा। इस कार्यक्रम के संयोजक पवन यादव ने बताया कि रक्तदान शिविर में 70 से 80 यूनिट का लक्ष्य रखा गया है।

### हरफूल बने आर्य समाज रसूलपुर के प्रधान

**कनीना।** आर्य समाज रसूलपुर के पदाधिकारियों की अहम बैठक शनिवार को आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बुधराम यादव ने की। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा करने से पूर्व त्रिवार्षिक चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। जिसमें सर्वसम्मति से हरफूल आर्य को प्रधान, धर्मपाल को सचिव तथा सोमदत्त को कोषाध्यक्ष चुना गया।

### रेवाड़ी से होकर गुजरने वाली तीन जोड़ी ट्रेनों में बढ़ाए गए कोच

# उत्तर-पश्चिम रेलमार्ग की 18 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे प्रशासन की ओर से अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 18 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शषि किरण ने बताया कि जुलाई माह में ट्रेनों की संचालन अवधि में विस्तार किया जाएगा।



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलवे स्टेशन से गुजरती ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

#### इन ट्रेनों की अवधि में होगा विस्तार

गाड़ी संख्या 09621/09622 अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में अजमेर से 7 जलाई से 28 जुलाई एवं बान्द्रा टर्मिनस 8 से 29 जुलाई तक विस्तार किया जा रहा है। गाडी संख्या 09653/09654 अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में अजमेर से 6 जुलाई से 28 सितंबर तक एवं बान्द्रा टर्मिनस से 7 जुलाई से 29 सितंबर तक विस्तार किया जा रहा है। गाड़ी संख्या बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशलल रेलसेवा में बीकानेर से 3 जुलाई से 31 जुलाई तक एवं बान्द्रा टर्मिनस से 4 जुलाई से 1 अगस्त तक, गाड़ी संख्या 09723/09724 जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में जयपुर से 3 जुलाई से 25 सितंबर वं बान्द्रा टर्मिनस से 4 जुलाई से 26 सितंबर तक, गाड़ी संख्या 09627/09628 अजमेर-सोलापुर-अजमेर स्पेशल साप्ताहिक रेलसेवा में अजमेर से 3 जुलाई से 25 सितंबर तक व सोलापुर से 4 जुलाई से 26 सितंबर तक तथा गाड़ी संख्या 04715/04716 बीकानेर-साईनगर शिर्डी-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में बीकानेर से 6 से 27 जुलाई तक एवं साईनगर शिर्डी से 7 से 28 जुलाई तक विस्तार किया जा रहा है।

#### सीकर-जयपुर रेलसेवा की अवधि में विस्तार

गाड़ी संख्या 09625/09626 अजमेर-दौंड-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में अजमेर से 4 से 25 जुलाई तक एवं दौंड से 5 से 26 जुलाई तक, गाड़ी संख्या 04815/04816 जोधपुर-मऊ-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में जोधपुर से 7 से 28 जुलाई तक एवं मऊ से 9 से 30 जुलाई तक, गाड़ी संख्या 04823/04824 जोधपुर-मऊ-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में जोधपुर से 6 से 27 जुलाई तक व मऊ से 8 से 29 जुलाई तक, गाड़ी संख्या 04821/04822 भगत की कोठी-हरिद्वार-भगत की कोठी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में भगत की कोठी से 4 से 25 जुलाई तक व हरिद्वार से 5 से 26 जुलाई तक, गाड़ी संख्या 04705/04706 श्रीगंगानगर-जयपुर-श्रीगंगानगर प्रतिदिन स्पेशल रेलसेवा में 1 जुलाई से 31 दिसंबर तक तथा गाड़ी संख्या 04801/04802 सीकर-जयपुर-सीकर स्पेशल प्रतिदिन रेलसेवा की संचालन अवधि में 1 जुलाई से 31 दिसंबर तक विस्तार किया जा रहा है।

#### जयपुर-रेवाड़ी रेलसेवा की अवधि में विस्तार

गाड़ी संख्या 09635/09636 जयपुर-रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल प्रतिदिन रेलसेवा की संचालन अवधि में 1 जुलाई से 31 दिसंबर तक, गाड़ी संख्या 04853/04854 सीकर-लोहारू-सीकर स्पेशल प्रतिदिन रेलसेवा में 1 जुलाई से 31 दिसंबर तक, गाड़ी संख्या 04879/04880 बाड़मेर-मुनाबाव-बाड़मेर प्रतिदिन स्पेशल रेलसेवा में 1 जुलाई से 31 दिसंबर तक, गाड़ी संख्या 03007/03008 हावड़ा-खातीपुरा-हावड़ा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में हावड़ा से 7 से 28 जुलाई तक एवं खातीपुरा से 9 से 30 जुलाई तक, गाड़ी संख्या 03509/03510 आसनसोल-खातीपुरा-आसनसोल साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में आसनसोल से 2 से 30 जुलाई तक एवं खातीपुरा से 3 से 31 जुलाई तक तथा गाड़ी संख्या 03409/03410 मालदा टाउन-खातीपुरा-मालदा टाउन साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में मालदा टाउन से 4 से 25 जुलाई तक एवं खातीपुरा से 5 से 26 जुलाई तक विस्तार किया जा रहा है।

#### तीन जोड़ी ट्रेनों में डिब्बों की बढ़ोतरी

रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए हिसार-जयपुर-हिसार एवं जयपुर-बठिण्डा-जयपुर दो जोड़ी रेलसेवाओं में द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 14715/14716 हिसार-जयपुर-हिसार रेलसेवा में हिसार से 1 से 31 जुलाई तक एवं जयपुर से 4 जुलाई से 4 अगस्त तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 14734/14733 जयपुर-बठिण्डा-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 2 जुलाई से 1 अगस्त तक एवं बठिण्डा से 2 जुलाई से 1 अगस्त तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों तथा गाड़ी संख्या 04704/04703 जयपुर-बठिण्डा-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 3 जुलाई से 2 अगस्त तक एवं बठिण्डा से 4 जुलाई से 3 अगस्त तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

# कॉलेजों में दाखिले के लिए आवेदन का अंतिम दिन आज

### पांच को लगेगी पहली मेरिट लिस्ट


रेवाड़ी। सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

उच्चतर शिक्षा निदेशालय की ओर से स्नातक प्रथम वर्ष के दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए 30 जून अंतिम तिथि है। इससे पहले आवेदन की अंतिम तारीख 26 जून निर्धारित थी। निदेशालय की ओर से आवेदन की तिथि को चार दिन आगे बढ़ाया गया था। दाखिला कार्यक्रम के अनुसार यदि कोई विद्यार्थी आवेदन के दौरान रहीं त्रुटियों में सुधार करना चाहता है तो वह 1 जुलाई तक कर सकता है। कॉलेजों की ओर से भी विद्यार्थियों की ओर से किए गए आवेदन और प्रमाण पत्रों का सत्यापन 2 जुलाई तक किया जाएगा। जिले के सभी कॉलेजों में इस बार आवेदन करने वालों में बहुत ज्यादा मारामारी की स्थिति नहीं है। इस बार कुछ फैकल्टी को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश में निर्धारित सीटों से कम आवेदन हुए हैं।

**केएलपी कॉलेज में आवेदनों की स्थिति :** केएलपी कालेज में कुल 1760 सीटों के लिए 2761 आवेदन हुए हैं। इनमें बीए में 640 सीटों के लिए 1254 आवेदन हुए, बैचलर आफ जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन में 40 सीटों के लिए 28 आवेदन, बीबीए में 80 सीटों पर 178 आवेदन हुए। इसी प्रकार बीकॉम में 240 सीटों पर 417, बीसीए में 120 सीटों पर 330, बैचलर ऑफ लाइफ साइंस में 160 सीटों के लिए 208, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस में 320 सीटों के लिए 378 आवेदन हुए है।

**गर्ल्स कॉलेज में आवदेनों की स्थिति :** सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में विभिन्न कोर्सो की निर्धारित 1260 सीटों पर दाखिले के लिए 2015 छात्राओं ने आवेदन किया है। इनमें बीए की 560 सीटों के लिए 1003, बीकाम में 240 सीटों के लिए 318,बीसीए की 60 सीटों के लिए 160, बैचलर ऑफ लाइफ साइंस की 160 सीटों के लिए 238, फिजिकल साइंस की 240 सीटों के लिए 296 आवेदन हुए। राजकीय महाविद्यालय जाटूसाना में बीए की 160 सीटों के लिए 354 तो बीकॉम में 60 सीटों के लिए मात्र 33 आवेदन हुए हैं।

**तीन को जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट :** कॉलेजों में प्रथम मेरिट संभावित सूची 4 जुलाई व फाइनल सूचि 5 जुलाई को जारी होगी। पहली मेरिट लिस्ट में आने वाले विद्यार्थी 5 से 9 जुलाई तक फीस जमा करा सकेंगे। इसके बाद द्वितीय संभावित मेरिट सूची 10 जुलाई व फाइनल मेरिट लिस्ट 11 जुलाई को लगेगी। द्वितीय मेरिट लिस्ट के विद्यार्थी 11 से 13 जुलाई तक फीस जमा करा सकेंगे। 16 जुलाई को पहली व दूसरी मेरिट लिस्ट में रहने वाले विद्यार्थी फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेकर दाखिला ले सकेंगे। 17 जुलाई को दाखिले के लिए फिर से पोर्टल ओपन होगा।

# धमकाकर कागजों पर कराए साइन तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

- मारपीट करने के बाद आरोपी उसे रामपुरा एरिया में डालकर फरार हो गए थे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

थाना रामपुरा पुलिस ने मई माह में प्राइवेट बस से एक युवक का अपहरण करने के मामले में बस चालक और परिचालक को धमकाकर कागजों पर साइन कराने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गत 28 मई को हरिनगर फ्लाईओवर पर प्राइवेट बस के आगे वैगन-आर कार लगाकर कुछ युवक बस में बैठे नांगल मूंदी के एक युवक का अपहरण कर ले गए थे। परिचालक ने प्रदीप ने उन्हें रोकने की कौशिश की तो युवक उसे धमकाकर मूंदी के युवक को अपने साथ कार में डालकर ले गए। युवक के साथ जमकर मारपीट करने के बाद आरोपी उसे रामपुरा एरिया में डालकर फरार हो गए थे। थाना रामपुरा पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। दोनों पक्ष नांगल मूंदी गांव के ही हैं। उनके बीच सुलहनामे के प्रयास भी हुए थे। प्राइवेट बस चालक महेंद्रगढ़ के मुंडायन निवासी हरीश ने अब रामपुरा पुलिस को दर्ज शिकायत में उसकी बस पर झगड़ौली निवासी प्रदीप कंडक्टर है। उसी ने युवक के अपहरण का विरोध किया था।

#### चालक ने तीन लोगों पर लगाए आरोप

पुलिस शिकायत में बस चालक हरीश ने बताया कि मूंदी निवासी महाबीर ने उसे फोन पर किडनैपिंग केस के बारे में बातचीत करने के लिए मिलने को कहा। उसने उसे बस स्टैंड पर मिलने के लिए बुला लिया। हरीश ने आरोप लगाया कि महाबीर ने बिजेंद्र और कुलजीत नाम के दो लोगों के साथ वहां आकर उसे धमकी दी कि अगर इस रूट पर बस चलानी है, तो वह कुछ कागजों पर साइन करें। डर की वजह से उन्होंने साइन कर दिए। बाद में उन्होंने बस मालिक को बताया तो उसने केस दर्ज कराने को कहा। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### बच्ची को लेकर विवाहिता अचानक हुई लापता

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के एक गांव से एक विवाहित महिला अपनी बेटी के साथ घर से अचानक लापता हो गई है। पति की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाहिता के पति ने सदर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। 27 जून को जब वह शाम को काम से वापस अपने घर आया। तब उसने देखा कि उसकी 26 वर्षीय पत्नी व एक साल की बेटी उसे घर पर नहीं मिली। उसने आसपास में पता किया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। तब उसने अपने ससुराल पता किया तो उसकी पत्नी वहां भी नहीं पहुंची थी। उसकी पत्नी घर से 12 बजे उसकी एक साल की बेटी को लेकर कहीं चली गई। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लगेगी विशेष लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



- सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि सी का मुकदमा सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है और वह अपने केस का विशेष लोक अदालत के माध्यम से निपटारा करना चाहते है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में ईमेल या फोन पर संपर्क कर सकते हैं

सुप्रीम कोर्ट की ओर से आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त तक न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि जिस किसी का मुकदमा सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है और वह अपने केस का विशेष लोक अदालत के माध्यम से निपटारा करना चाहते है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में ईमेल सीजेएमडीएलएसएआरडब्ल्यूर@ जीमेल.कॉम या फोन नंबर 01274-220062 पर संपर्क कर सकते है। उन्होंने बताया कि जिन मामलों में पार्टी सरकार है, ऐसे मामले विशेष लोक अदालत में निपटाए में जाने की भी संभावना है।

#### स्पेशल लोक अदालत में रहेंगे यह मामले

स्पेशल लोक अदालत में श्रम मामले, चेक बाउंस मामले सेक्शन-138 एनआई एक्ट, दुर्घटना क्लेम मामले, उपभोक्ता संरक्षण मामले, स्थानान्तरण याचिकाएं सिविल एवं आपराधिक, धन-वसूली से संबंधित मामले, आपराधिक मिश्रित मामले, अन्य मुआवजा संबंधी मामले, पारिवारिक कानूनी मामले सेवाओं से संबंधित मामले, किराया संबंधी मामले, शैक्षणिक मामले, भरण-पोषण संबंधित मुद्दे, बंधक मामले, भूमि विवाद मामले व अन्य सिविल मामले शामिल किए जाएंगे।

# जिला परिवेदना समिति की बैठक बाल भवन में आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 30 जून को दोपहर 12 बजे बाल भवन स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित की जाएगी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा राज्य मंत्री एवं चेयरपर्सन जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति सीमा त्रिखा लोगों की समस्याएं सुनेंगी। बैठक में 12 नए व 3 पुराने परिवादों सहित कुल 15 परिवादों की सुनवाई की जाएगी। डीसी राहुल हुड्डा ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्धारित तिथि व समय पर रिपोर्ट सहित बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।


सीमा त्रिखा।

# कसोला में जवान को सैनिक सम्मान से दी अंतिम विदाई

- जवान के पिता सुंदर सिंह व दादा लज्जाराम भी सेना में सेवाएं दे चुके है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शनिवार को जिले के गांव कसोला में सैनिक सम्मान के साथ सेना के जवान कृष्ण कुमार को अंतिम विदाई दी गई। कृष्ण कुमार वर्ष 2016 में सेना में भर्ती हुए थे और फिलहाल असम में तैनात थे। कृष्ण कुमार पिछले सप्ताह एक महीने की छुट्टी लेकर अपने गांव आए थे। इस बीच अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने कृष्ण को नई दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। शनिवार को सूचना मिलने पर सेना के जवान अस्पताल से जवान का पार्थिव शरीर लेकर गांव कसोला पहुंचे। उनकी अंतिम यात्रा में काफी संख्या में युवा व आसपास के गांवों के ग्रामीण मौजूद थे। सभी युवा हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। जवान के पिता सुंदर सिंह व दादा लज्जाराम भी सेना में सेवाएं दे चुके है। गांव के सरपंच राजपाल कसाना ने बताया कि वह अपने पीछे दो बेटियां व एक आठ माह का बेटा छोड़कर गए है।


रेवाड़ी। जवान की अंतिम यात्रा में तिरंगे के साथ युवा व इनसेट में जवान कृष्णकुमार।

### महावीर अवार्ड के लिए 30 जुलाई तक करें आवेदन

- अवार्ड के रूप में प्रत्येक क्षेत्र में विजेता को 10 लाख रुपए, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा

**रेवाड़ी।** भगवान महावीर फाउंडेशन की ओर से 28वें महावीर अवार्ड के लिए अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा चार क्षेत्रों में आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। अवार्ड के रूप में प्रत्येक क्षेत्र में विजेता को 10 लाख रुपए, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि इस अवार्ड के लिए गरीब तबके व समाज के लिए सेवाएं देने वाले संस्थान और लोग आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा के अवार्ड दिए जाएंगे। इन पुरस्कारों के लिए विजेताओं का चयन भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एमएन वेंकटा चालिहा की अध्यक्षता में न्यायपीठ की ओर से किया जाता है। अवार्ड के लिए निर्धारित आवेदन पत्र को भरकर डाक द्वारा भगवान महावीर फाउंडेशन, सियाट हाउस, 961, पूनमल्ली हाई रोड, पुरासावाल्कम, चेन्नई, तमिलनाडु-600084 अथवा ई-मेल नोमिनेशंस.बीएमएफ अवाड्र्स@जीमेल. कॉम के माध्यम से भेज सकते है।

### कार्यक्रम में मुख्य अथिति डा. जयदीप आर्य रहे

# योगासन खेल को लेकर ऑनलाइन अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन

- कयोगासन खेल संघ के जिला अध्यक्ष युद्धवीर ने जिले में योगासन खेल के खिलाड़ियों तथा योगासन कोच को योगासन खेल के संबंध में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

योगासन खेल संघ की ओर से शनिवार को योगासन स्पोर्ट्स अवेयरनेस प्रोग्राम के अंतर्गत ऑनलाइन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में योगासन भारत के महासचिव डा. जयदीप आर्य ने भी भाग लिया। योगासन खेल संघ के जिला अध्यक्ष युद्धवीर ने जिले में योगासन खेल के खिलाड़ियों तथा योगासन कोच को योगासन खेल के संबंध में जानकारी दी। संघ के सचिव नितिन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खेल संघ की कोषाध्यक्ष प्रेमवती यादव ने मंत्रोचारण के साथ किया। योगासन भारत के महासचिव डा. आर्य ने कहा कि योगासन खेलों को हाल ही में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्षा डा. पी टी उषा की ओर से एशियन ओलंपिक खेल परिषद में शामिल करने के लिए प्रस्ताव दिया गया। अब योगासन खेल से केंद्र सरकार में खेल कोटे के तहत नौकरियों में भी आरक्षण मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि योगासन खेल को बढ़ावा दिलाने में प्रधानमंत्री का विशेष योगदान है। अब वह दिन दूर नहीं जब योगासन खेल ओलंपिक खेलों का हिस्सा होगा।

हरियाणा योगासन खेल संघ के सचिव सुनील शर्मा व ऑर्गेनाइजिंग कमेटी की कोर्डिनेटर सीमा यादव ने बताया कि योगासन खेलों में काफी नए इवेंट्स जोड़े गए है, जिसमें एकल तथा टीम इवेंट्स शामिल है। हमें योगासन खेल के नियमों का अच्छी प्रकार से अध्ययन करना चाहिए तथा अनुभवी कोच के मार्गदर्शन में अपना अभ्यास करना चाहिए। संघ के संयुक्त सचिव डा. राकेश छिल्लर व टेक्निकल सचिव भूपेंद्र यादव ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में योगासन खेल के साथ जुड़ने की अपील की। ऑनलाइन मीट में योगासन खेल संघ के सदस्य डा. राजकुमार, देवेंद्र कुमार, सुनील कुमार, नवल सिंह, मुकेश, प्रियंका, पूनम, सरोज, जयदीप, विनोद कुमार, लखपत सिंह, कृष्णा, रामरती, कोच राहुल, डा. सज्जन सिंह, संगीता यादव, हेमलता, सरला, रणवीर व महेश कुमार सहित करीब 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया।


रेवाड़ी। ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग लेते योगासन खेल संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- योगासन खेल को बढ़ावा दिलाने में प्रधानमंत्री का विशेष योगदान

# जगदीश मलिक का सेवानिवृत्ति पर पीएनबी शाखा में हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड

पंजाब नेशनल बैंक नाहड़ में मुख्य सहायक के पद पर कार्यरत जगदीश मलिक अपनी 36वर्षो की सेवा के बाद सेवानिवत्त हो गए है। बैंक में आयोजित विदाई समारोह में पूर्व जिला प्रमुख सुरेश देवी मुख्य सहायक का सम्मान किया। रोहतक निवासी जगदीश मलिक ने 1988 में पीएनबी में क्लर्क के पद पर अपनी सेवाएं शुरू की थी। उन्होंने 36 वर्ष तक एक ही जगह नाहड शाखा में रहकर अपनी सेवाएं दी और मुख्य सहायक के पद से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख ने कहा की मलिक बहुत ही मिलनसार व्यक्ति है। वह अपने स्वभाव के कारण स्टॉफ सदस्य और ग्रामीणों में समान रूप से लोकप्रिय थे। इनका कुशल कार्य व उत्कृष्ट योगदान हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है।



रेवाड़ी। जगदीश मलिक का सम्मान करते हुए पूर्व जिला प्रमुख सुरेश देवी ।

# सड़क हादसों में महिला सहित दो की मौत

**रेवाड़ी।** जिले में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। रोहड़ाई निवासी सुनील कुमार अपनी पत्नी मंजू को साथ लेकर पाल्हावास में सामान खरीदने के लिए जा रहा था। वह बाइक लेकर सड़क किनारे पत्नी का इंतजार कर रहा था। जब उसकी पत्नी सड़क पार करके उसकी ओर आने लगी तो उसे एक बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। वह अपनी पत्नी को एक गाड़ी में पाल्हावास के प्राइवेट अस्पताल ले गया, जहां से रेवाड़ी के लिए रेफर कर दिया गया। रेवाड़ी ट्रॉमा सेंटर लाने पर मंजू को मृत घोषित कर दिया। एक अन्य हादसे में मैलावास निवासी कुलदीप अपने चाचा रामनिवास को स्कूटी पर भांडोर गांव में दवा दिलवाने के लिए ले गया था। वापस आते समय सामने से आ रही बाइक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में रामनिवास गंभीर रूप से घायल हो गया। पीजीआई में उपचार के दौरान रामनिवास की मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### सूचना

मैं, लाली पत्नी श्री लालचंद निवासी ग्राम पावटी, तह. बावल, जिला रेवाड़ी, हाल धारण तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करती हूं कि पहले मैंने अपनी पुत्री माया देवी उर्फ बबली-कृष्णा पुत्रीयान व मेरे पुत्र सतीश कुमार को बेदखल कर दिया था। अब मेरी पुत्री माया देवी उर्फ बबली मेरे कहने में हैं, इसलिए मैं अपनी पुत्री की बेदखली सूचना को रद्द करती हूं और उसको वापिस अपने परिवार में मिलाना चाहती हूं।

## खबर संक्षेप

### पत्नी के साथ विवाद के बाद पति लापता

**जाटूसाना।** गुड़ियानी में दंपति के बीच मामूली विवाद होने के बाद पति घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में बिजेंद्र ने बताया कि 26 जून को शाम के समय उसके पिता मदनलाल व मम्मी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसके बाद उसका पिता बैठक में जाकर सो गया। सुबह करीब साढ़े 4 बजे जब वह उठा तो उसका पिता वहां नहीं मिला। रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर पता करने के बाद भी उसके पिता का कोई पता नहीं चल सका।

### कार की चपेट में आकर एक घायल

**रेवाड़ी।** शक्ति नगर के पास कार की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल हो गया। आदर्श नगर निवासी देवेंद्र कुमार किसी काम से शक्ति नगर की ओर गया था। वहां से वापस पैदल लौटते समय गंदे नाले के पास तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। कार चालक भीड़ को देखकर फरार हो गया। लोगों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

### दुकानदार के साथ मारपीट का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** पब्लिक हेल्थ ऑफिस के पास एक चाय की दुकान चलाने वाले दुकानदार के साथ मारपीट के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में बिशनपुर निवासी लीलाराम ने बताया कि वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान लाधुवास निवासी विक्की कार में चार युवकों के साथ वहां आया। इन लोगों ने उसकी जमकर पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर आरोपी कार से फरार हो गए।

### मारपीट मामले में एक महिला गिरफ्तार

**बावल।** बावल गांव में हुए झगड़े के बाद दर्ज किए गए एक मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 22 अप्रैल को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। एक आरोपी लाड देवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। वहीं कसोला पुलिस ने लापराही से वाहन चलाने के आरोप में गाड़ी चालक राजेंद्र को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### ऑपरेटर बूथों से नहीं निकालते निर्धारित समय पर बसें, अफसरों ने साध रखी चुप्पी

# प्राइवेट बस ऑपरेटरों की मनमानी से रोडवेज को राजस्व का नुकसान

■ कर्मचारियों का जीएम को कंट्रोल करने के लिए ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। सामान्य बस स्टैंड से अपने रूट के लिए रवाना होती बसे। फोटो : हरिभूमि

सहकारी समिति की बसों का संचालन साामन्य बस स्टैंड से होता है। इन कंट्रोल पूरी तरह आरटीए अधिकारियों के हाथों में है। समय सीमा की पालना करने की बजाय बड़ी संख्या में प्राइवेट बसों के ऑपरेटर मनमानी करते हुए समय सीमा की पालना नहीं करते, जिससे रोडवेज डिपो को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। विरोध करने वाले रोडवेज कर्मचारियों के साथ आए दिन प्राइवेट बसों के चालक-परिचालक समय को लेकर झगड़ा करते रहते हैं। रोडवेज कर्मचारियों ने ऐसे बस ऑपरेटरों पर अंकुश लगाने के लिए एक बार फिर जीएम रोडवेज को ज्ञापन दिया है। कर्मचारियों ने ऐसी बसों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

जीएम को दिए ज्ञापन में रोडवेज कर्मचारियों ने बताया कि महेंद्रगढ़ रूट पर चलने वाली सहकारी समिति की अधिकांश बसों के ऑपरेटरों के इशारे पर चालक-परिचालक खुलकर मनमानी कर रहे हैं। यह मनमानी सामान्य बस स्टैंड के महेंद्रगढ़ बूथ और महेंद्रगढ़ बस स्टैंड के रेवाड़ी बूथ पर खुलकर की जा रही है। इन बसों की समय सारणी आरटीए अधिकारी रोडवेज अधिकारियों के साथ तालमेल बैठाकर तैयार करते हैं। बूथ पर लगने के बाद एक बस को 8 मिनट का समय दिया जाता है। दो प्राइवेट बसों के बाद एक रोडवेज बस निकलती है। रोडवेज कर्मियों का आरोप है कि प्राइवेट बसों के चालक-परिचालक समय पूरा होने के बावजूद बसों को बूथ से नहीं हटाते। खासकर जब प्राइवेट बस के बाद रोडवेज बस का नंबर होता है। रोडवेज कर्मचारी जब बस को बूथ से हटाने के लिए कहते हैं, तो वह उनके साथ झगड़ा करना शुरू कर देते हैं। बूथ से हटाने के बाद भी बस को सीधे रूट पर ले जाने की बजाय बस स्टैंड के गेट तक पहुंचने में चार से पांच मिनट का समय लगा दिया जाता है, जिससे पीछे आने वाली रोडवेज बस के लिए सवारियां नहीं बचती। बस स्टैंड से निकलने के बाद नाईवाली चौक पर बस को काफी देर तक खड़ा रखा जाता है। ठीक इसी तरह से महेंद्रगढ़ बस स्टैंड पर घटनाक्रम दोहराया जाता है। रोडवेज बसों को इन प्राइवेट बसों के कारण सवारियां नहीं मिल पातीं। इनमें पास होल्डर और फ्री यात्रा करने वाले लोग ही सफर करते हैं।

#### सीसीटीवी कैमरों को चेक तक नहीं करते

बस स्टैंड पर सीसीटीवी कैमरों में बूथों पर खड़ी प्राइवेट बसों का टाइम चेक किया जा सकता है। ज्ञापन देने वाले कर्मचारियों का आरोप है कि अगर कोई रोडवेज बस मिस हो जाती है, तो प्राइवेट बसों को 8 मिनट की बजाय 16 से 20 मिनट तक बूथों पर खड़ा रखा जाता है। सवारियां कम होने व अवकाश के दिन इन बसों में से आधी बसों को मिस कर दिया जाता है, ताकि प्राइवेट बस ऑपरेटरों को नुकसान नहीं हो। कर्मचारियों ने महेंद्रगढ़ बस स्टैंड पर भी डिपो की एक कर्मचारी की नियुक्ति करने की मांग की है, जो प्राइवेट बसों को उनका समय होते ही वहां से निकाल सके।

#### यात्रियों से दुर्व्यवहार के मामले भी बढ़े

नियमानुसार प्राइवेट बस परिचालकों के पास भी लाइसेंस होना अनिवार्य है, परंतु अधिकांश बसों के परिचालक बिना लाइसेंस इन बसों पर नौकरी कर रहे हैं। ऑपरेटरों ने कम शिक्षित और अनाड़ी किस्म के लोगों को परिचालक रखा हुआ है। रोडवेज के मुफ्त कैटेगिरी के यात्रियों को इन बसों में भी फ्री यात्रा का प्रावधान है, लेकिन इनके परिचालक ऐसे यात्रियों से झगड़ा करते हुए किराए की वसूली करते हैं। यात्री इनकी शिकायत भी करने की स्थिति में नहीं होते, क्योंकि इसके लिए आरटीए कार्यालय बावल जाना पड़ता है। पास होल्डरों को भी बस में बैठाने से मना कर दिया जाता है।

#### कार्रवाई का अधिकार आरटीए सचिव को



सहकारी समिति की बसों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकारी आरटीए सचिव को है। जब भी इस तरह की कोई शिकायत मिलती है, आरटीए सचिव को ऐसे मामलों में पत्रा लिखा जाता है। एक्शन लेना उन्हीं के हाथों में होता है। बस स्टैंड पर समय पर बसें निकालने के लिए कर्मचारी तैनात किए हुए हैं।
**-देवदत्त,** जीएम रोडवेज।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन

■ असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे, जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 से लेकर 18 वर्ष तक हो, उनको राष्ट्रपति की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे, जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, उनको वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।

डीसी ने बताया कि बाल पुरस्कार को बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। दोनों ही पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपए की राशि एवं एक मेडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा।

#### पुरस्कार के लिए ये कर सकते हैं नॉमिनेट

डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, जिला कलेक्टर-जिला मजिस्ट्रेट, पंचायती राज संस्थाएं, सभी केंद्रीय और राज्य स्कूल बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान, सामाजिक न्याय मंत्रालय, विकलांग विभाग, शिक्षा मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा के सभी राज्य विभाग, युवा मामले मंत्रालय, खेल विभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण, संस्कृति मंत्रालय, विज्ञान मंत्रालय और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और वन मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय और प्रेस सूचना ब्यूरो सहित राष्ट्रीय चयन समिति नॉमिनेट कर सकती हैं।

## घंटा खेल को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की मांग

■ वर्तमान समय में शिक्षा और नौकरी को ही प्राथमिकता दी जा रही है, खेलों को नहीं

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी



रेवाड़ी। वीपी यादव से मिलते एडवोकेट प्रदीप डागर।

घंटा खेल को बढ़ावा देने लिए खेल के संस्थापक एडवोकेट प्रदीप डागर ने शनिवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन वी पी यादव से मिलकर खेल को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया बनाने की सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि इस खेल को प्राथमिक स्तर से ही अनिवार्य किया जाए ताकि विद्यार्थी खेल के साथ अपनी सभ्यता एवं संस्कृति से परिचित होकर उनका महत्व जान सके। प्रदीप डागर ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा और नौकरी को ही प्राथमिकता दी जा रही है, खेलों को नहीं। लोगों की नजरों में खेलों का महत्व कम होता जा रहा है। खेल न केवल हमें स्वास्थ्य प्रदान करते हैं, बल्कि मन को शांति भी देते हैं। घंटा खेल जो शारीरिक एवं मानसिक तंदुरूस्ती के साथ-साथ घंटे, शंख और गीता की महत्ता को खेल के साथ जोड़कर सनातन संस्कृति को संजोए रखने का प्रयास कर रहा है।

## विचार देकर संस्कार और परिवार रूपी समाज की अहम कड़ी को करें मजबूतः सादानी

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते अशोक सोमाणी।

हरियाणा,पंजाब, हिमाचल, जम्मू कश्मीर व चंडीगढ़ माहेश्वरी महिला संगठन के बैनर तले शनिवार को सोमणी शिक्षण संस्थान में रघुकुल रीत सिद्धा और युगल सिद्धा समिति की ओर से समर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैंकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता और मुख्य अतिथि शोभा सादानी ने कहा कि हमें विचार देकर संस्कार और परिवार रूपी समाज की अहम कड़ी को मजबूत करना होगा। उन्होंने पारिवारिक जीवन को खुशहाल और संयमित बनाने के लिए अपनी सूझबूझ का अपने आम जीवन में इस्तेमाल करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें देश और समाज को विकसित करने के लिए खुद को और अपने परिवार को खुश रखना सीखना होगा। बदलाव जीवन का अहम हिस्सा है और इसे हमको स्वीकार करना ही होगा। उन्होंने कहा कि समाज महिलाओं से हमेशा सलाह और प्रेरणा लेता आया है और हम अपने छोटे बच्चों के सामने कैसी बात कह रहे हैं, यह हमें याद रखना होगा क्योंकि वह हमसे सुनकर उसको सीखते हैं। अखिल भारतीय महासभा के उप चेयरमैन अशोक सोमाणी ने कहा कि समाज को नया संदेश देने के लिए यह कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा है और माहेश्वरी समाज तक इस कार्यक्रम का सही संदेश भेजना सभी महिलाओं का दायित्व है। युगल सिद्धा की राष्ट्रीय प्रभारी शर्मिला राठी ने कहा कि महिलाओं को जागृत समाज बनाने के लिए अपनी सोच को रचनात्मक रूप देना होगा। रघुकुल रीत सिद्धा की उत्तरांचल प्रभारी मंजू सोमाणी ने कहा कि शिक्षा विचारों को जन्म देती है, जोकि जीवन को सही और गलत दिशा में ले जाते हैं। इसलिए महिलाओं को अपनी सोच को रचनात्मक कार्यों से जोड़ना होगा। कार्यक्रम में सीमा मूंदड़ा अध्यक्ष, अनु सोमाणी सचिव, राज्य कार्य समिति सदस्य पूजा राठी, सुमन जाजू निवर्तमान अध्यक्ष, मंजू भुराड़िया कोषाध्यक्ष और बबीता राठी जिला अध्यक्ष ने गणमान्य नागरिकों को सम्मानित किया।

### मारपीट करने के आरोप में चार नामजद, एक गिरफ्तार

धारूहेड़ा। निरंजन कॉलोनी में एक महिला और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने के आरोप में सेक्टर-6 थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में कॉलोनी में किराए पर रह रही प्रवेश देवी ने बताया कि उसकी मांग भागवती के साथ रफु, सतीश, बीरू व राममेहर मारपीट कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद वह अपने पति चंद्रपाल के साथ वहां पहुंची तो इन लोगों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। दुकानदारों ने उनका बचाव किया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद एक आरोपी लाधूवास गुर्जर निवासी अंकित को कार सहित काबू कर लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9671434260, 8595581311

### एडवोकेट प्रवीण शर्मा बने विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष



एडवोकेट प्रवीण शर्मा।



एडवोकेट निखिल भारद्वाज।

रेवाड़ी। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज के सानिध्य में विप्र फाउंडेशन हरियाणा जॉन के अध्यक्ष कुलदीप वशिष्ठ की अनुशंसा एवं केंद्रीय प्रभारी मुकेश रामपुरा के अनुमोदन पर जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है, जिसमें रेवाड़ी से एडवोकेट प्रवीण शर्मा को विप्र फाउंडेशन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही एडवोकेट निखिल भारद्वाज को जिला महामंत्री बनाया गया है। दोनों ने अपनी नियुक्ति पर जितेंद्र भारद्वाज, कुलदीप वशिष्ठ और मुकेश रामपुरा का आभार व्यक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने आश्वासन दिलाया है कि वह फाउंडेशन को अपना पूरा सहयोग देंगे तथा समाज के हित में कार्य करेंगे।

## सोलो डांस प्रतियोगिता में कृष्णा आरोही व पूनम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

निजी डांस अकेडमी की ओर से गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को नृत्य का प्रशिक्षण दिया गया। समर कैंप के समापन पर सोलो डांस प्रतियोगिता के सीनियर ग्रुप में पूनम, राखी, दीपा, सब जूनियर में आरोही, दिशा, परीसा व जूनियर में कृष्णा, रोहित व रूही विजेता रहे। अकेडमी के निदेशक परवीन ठाकुर ने कहा कि जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

इन प्रतिभाओं को निखारने की आवश्यकता है। अकेडमी के अनेक बच्चे प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि वीर भगतसिंह युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर ने कहा कि आज के समय नृत्य मात्र एक कला ही नहीं बल्कि एक अच्छा व्यवसाय भी है।

आज सभी स्कूलों व संस्थाओं में नृत्य प्रशिक्षक की मांग बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम में रवि, नेहा व सिखा ने जज की भूमिका निभाई। मंच संचालन जूही पिपलानी ने किया। कार्यक्रम में कृतिका, रोहित, दिव्या, निकिता, कनिक, सृष्टी, हार्दिक, ख्वाहिश, सोनिया, हर्षित, यामिनी, मोहित व ऐंजल सहित अनेक बच्चे मौजूद थे। समाजसेवी राम अवतार अग्रवाल ने सभी बच्चों को पुरस्कृत किया।



रेवाड़ी। विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बिजली पोल में स्पार्किंग से लोगों में बनी दहशत



रेवाड़ी। नई आबादी में बिजली पोल में होती स्पार्किंग। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** शनिवार दोपहर बरसात के कारण मोहल्ला नई आबादी वार्ड नंबर एक की गली में लगे बिजली के पोल में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से स्पार्किंग शुरू हो गई, जिससे बिजली के तारों में आग लग गई करीब 10 से 15 मिनट तक तारों में स्पार्किंग होती रही। तारों में आग लगे से बिजली के मीटर भी जल गए। आग लगने से आसपास रहने वाले लोगों में घरों में आग लगने की दहशत पैदा हो गई। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना बिजली निगम को दी और बिजली सप्लाई बंद कराई। सप्लाई बंद होने के बाद आग बुझने पर बिजलीकर्मियों ने मौके पर पहुंच कर लाइन को दुरुस्त किया और सप्लाई चालू की।

### मानसून की दस्तक के बावजूद किसान मायूस, बाजरे की बिजाई के लिए लंबा हो रहा इंतजार

# इंद्रदेव शहर में जमकर बरसे, तीन खंडों में नहीं गिरी एक बूंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

मानसून के दस्तक देने के बाद शहर पर इंद्रदेव जमकर मेहरबान हुए, तो ग्रामीण इलाकों में बरसात का इंतजार खत्म नहीं हुआ। जिले के तीन खंडों में बरसात की बूंद तक नहीं गिरी, जबकि चार खंडों में हल्की बूंदबांदी हुई। इस समय किसान बाजरे की बिजाई के लिए बरसात का इंतजार कर रहे हैं। इस बार उनका इंतजार लंबा होता जा रहा है। शहर और आसपास के इलाकों में अच्छी बरसात के बाद भारी गर्मी से राहत जरूर मिली है। शनिवार सुबह शहर में अच्छी बरसात हुई, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र बरसात से वंचित रहे। सुबह 6 बजे तक रेवाड़ी खंड में 40 एमएम बरसात रिकॉर्ड की गई। दोपहर तक बरसात का सिलसिला रुक-रुककर जारी रहा।

अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 31 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 25.5 डिग्री दर्ज किया गया। तापमान में कमी के बावजूद उमस भरी गर्मी दिन भर परेशान करती रही। आसमान में सुबह से ही बादल छाए रहे। शहरी क्षेत्र में अच्छी बरसात होने के बावजूद ग्रामीण इलाकों में बरसात का इंतजार खत्म नहीं हुआ। डहीना, कोसली और नाहड़ खंडों में बरसात का दीदीर नहीं हो सका। बावल में 5 एमएम बरसात हुई, तो धारूहेड़ा में 6.5 एमएम बरसात रिकॉर्ड की गई। मनेठी में हल्की बूंदाबांदी के साथ 1.6 एमएम बरसात हुई, जबकि पाल्हावास खंड में 5 एएम बरसात हुई। बरसात इस समय शहर के लोगों की आफत बढ़ा रही है। किसानों को इस समय बरसात की ज्यादा जरूरत है, परंतु ग्रामीण क्षेत्रों की ओर बादलों के बरसने का सिलसिला शुरू नहीं हो पा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार तीन-चार दिन तक मौसम इसी तरह का बना रहेगा। टुकड़ों में कहीं हल्की तो कहीं तेज बरसात होती रहेगी। तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहेगा।



रेवाड़ी। एक खेत में खड़ी कपास की फसल। फोटो : हरिभूमि

■ चार खंडों में हल्की बूंदबांदी हुई।

#### कपास की फसल को बरसात की जरूरत

जिले के किसानों ने लगभग 7 हजार हेक्टेयर जमीन पर कपास की बिजाई की हुई है। भारी गर्मी के कारण कपास का विकास अटका हुआ है। नलकूपों की सिंचाई से किसानों का काम नहीं चल पा रहा है। भारी गर्मी के कारण कपास की फसल मुरझाने लगी है। इस समय फसल को बरसात की ज्यादा जरूरत है। बाजरा उत्पादक किसान इस बार बिजाई करने में लेट हो रहे हैं। गत वर्ष मई माह के अंत में अच्छी बरसात कि बाद किसानों ने बाजरे की बिजाई समय से पहले कर दी थी, जिससे बाजरे की उत्पादन भी अच्छा हुआ था। किसानों की निगाहें अभी तक आसमान की ओर लगी हुई हैं।